

# MY BUDDY

**SESSION: 2026-27**

**SUBJECT: HINDI**

**CLASS: V**

**TERM - 1 & 2**

# अनुक्रमणिका ( INDEX)

## TERM - 1


| क्रमांक | गतिविधि का प्रकार | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कला एकीकृत अधिगम (AIL)<br>Art Integrated Learning Activity | 3 |
| 2 | विषय संवर्धन गतिविधि (SEA)<br>Subject Enrichment Activity | 3 |
| 3 | CBE WORKSHEET | 3 |
| 4 | प्रश्न बैंक (Question Bank) | 4 |
| 5 | पुनरावृत्ति (Revision)<br>PT-1 Revision Work | 23 |
| 6 | अर्द्ध वार्षिक परीक्षा अभ्यास पत्र<br>Half Yearly Exam Practice Paper | 26 |


## TERM - 2


| | | |
|---|---|---|
| 7 | विषय संवर्धन गतिविधि (SEA)<br>Subject Enrichment Activity | 33 |
| 8 | कला एकीकृत अधिगम (AIL)<br>Art Integrated Learning Activity | 33 |
| 9 | CBE WORKSHEET | 33 |
| 10 | प्रश्न बैंक (Question Bank)<br>Important Questions | 34 |
| 11 | पुनरावृत्ति (Revision)<br>PT-2 Revision Work | 49 |
| 12 | वार्षिक परीक्षा अभ्यास पत्र<br>Annual Exam Practice Paper | 51 |


DPS GANDHINAGAR

## SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY

टैगोर, गांधी और बुद्ध में से किसी एक का सचित्र पोस्टर बनाकर उस पर शांति से जुड़ा एक विचार लिखें और कक्षा में प्रदर्शित करें।

अंक विभाजन

पोस्टर बनाना - 5 अंक

विचार लिखना तथा समग्र प्रभाव - 5 अंक

## ART INTEGRATED LEARNING

काव्य -1 हिंद देश के निवासी काव्य कक्षा में याद करके सुनाइए ।

अंक विभाजन

4 अंक - लय के साथ गाना

4 अंक - सही उच्चारण

2 अंक - प्रस्तुतिकरण के

## CBE BASED WORKSHEET

**अंक विभाजन**

सही विकल्प पर ही अंक दिए जाएँगे-10

# QUESTION BANK

पाठ-1 हिंद देश के निवासी (कविता)



(1) कवि के अनुसार, 'हिंद देश के निवासी' में कौन सी समानता है?

(i) विभिन्न प्रकार के लोग मिलकर एक सुंदर राष्ट्र (माला) बनाते हैं।

(ii) हमें केवल चमेली के फूल पसंद करने चाहिए।

(iii)भारत में फूलों की खेती अधिक होती है।

(iv) फूलों की खुशबू सबको पसंद आती है।

(2) कविता में कवि ने 'बेला, गुलाब, जूही, चंपा, चमेली' जैसे अलग-अलग फूलों का उदाहरण देकर एक माला में पिरोने की बात की है। इस उदाहरण के माध्यम से कवि असल में क्या समझाना चाहते हैं?

(i) बच्चों को बागवानी (Gardening) और फूलों के नाम सिखाना चाहते हैं।

(ii) बताना चाहते हैं कि विभिन्न जातियों, भाषाओं और राज्यों के लोग मिलकर ही भारत को एक सुंदर देश बनाते हैं।

(iii) कवि कहना चाहते हैं कि फूलों की माला पहनना हर भारतीय के लिए अनिवार्य है।

(iv) इनमें से कोई नहीं।

(3) **कथन:** गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा और कावेरी नदियाँ अलग-अलग बहती हैं, लेकिन सागर में मिलकर एक हो जाती हैं।

**कारण:** अलग-अलग राज्यों से बहने के कारण वे कभी एक नहीं हो सकतीं।

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

DPS GANDHINAGAR

(iii) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

(iv) कथन गलत सही है, किंतु कारण सही है।

(4) 

यह चित्र 'हिंद देश के निवासी' कविता के किस मुख्य संदेश को सबसे बेहतर तरीके से दिखाता है? **(PICTURE BASED)**

(i) भारत में केवल एक ही भाषा बोली जानी चाहिए।

(ii) अलग-अलग वेशभूषा, रंग-रूप और राज्यों के होने के बावजूद हम सब भारतीय एक हैं।

(iii) भारत में कोई त्योहार नहीं मनाया जाता।

(iv) इनमें से कोई नहीं।

(5) कविता में 'तराना' और 'राग' का उपयोग किसके लिए किया गया है?

(i) केवल संगीतकारों के लिए।

(ii) पशुओं की आवाज़ के लिए।

(iii) स्कूल में होने वाली प्रार्थना के लिए।

(iv) देशवासियों की विभिन्न आवाज़ों के बावजूद एक ही भावना के लिए।

(6) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़िए : **(CASE BASED)**

रोहन की कक्षा में अलग-अलग राज्यों के बच्चे पढ़ते हैं – जैसे पंजाब की प्रीत और तमिलनाडु का कार्तिकेय। सबका खान-पान और भाषाएँ अलग हैं। स्वतंत्रता दिवस पर सभी ने अपनी पारंपरिक पोशाक पहनी और एक साथ मिलकर राष्ट्रगान गाया। स्कूल के बोर्ड पर बच्चों को हाथ पकड़े हुए देखकर रोहन को समझ आया कि अलग-अलग पहनावे और भाषा के बावजूद, हम सब सबसे पहले भारतीय हैं।

(क) रोहन की कक्षा में विविधता (Diversity) का क्या उदाहरण मिलता है?

(ख) स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों ने क्या किया जो उनकी एकता को दर्शाता है?

(ग) स्कूल के बोर्ड पर बच्चों को हाथ पकड़े हुए देखकर रोहन को क्या सीख मिली?

DPS GANDHINAGAR

## पाठ - 2 ईदगाह




(1) रमज़ान में कुल कितने रोज़े होते हैं?

(2) हामिद के पास कुल _______ पैसे थे।

(3) हामिद ने मेले से चिमटा ही क्यों खरीदा?

(4) कहानी में मोहसिन ने मेले से कौन-सा खिलौना खरीदा था? **(PICTURE BASED)**

(i)  (ii)  (iii)  (iv) 

(5) 'दिल कचोटना' मुहावरे का अर्थ कहानी के संदर्भ में क्या है? **(PICTURE BASED)**

(i)  (ii)  (iii)  (iv) 

(6) **कथन:** हामिद ने दुकानदार से मोल-भाव करके तीन पैसे में चिमटा खरीद लिया।
**कारण:** दुकानदार ने शुरुआत में चिमटे की कीमत छह पैसे बताई थी, जिसे सुनकर हामिद का दिल बैठ गया था।

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं।


(iii) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

(iv) कथन गलत सही है, किंतु कारण सही है।

(7) हामिद ने देखा कि रोटियाँ उतारते समय उसकी दादी के हाथ जल जाते हैं। उसने अपनी खुशी को त्याग कर दादी की समस्या का समाधान निकाला। **( CASE BASED)**

**प्रश्न:** आपके घर में भी बड़े-बुजुर्ग कई काम करते हैं। आप हामिद की तरह उनके प्रति अपनी सहानुभूति और सेवा कैसे दिखा सकते हैं?

## पाठ - 5 अब्दुल हमीद



(1) अब्दुल हमीद का जन्म उत्तर प्रदेश के किस ज़िले में हुआ था?

(i) वाराणसी (ii) लखनऊ

(iii) गाजीपुर (iv) प्रयागराज

(2) अब्दुल हमीद के पिता का क्या व्यवसाय था? **(PICTURE BASED)**

(i)  (ii)  (iii)  (iv) 

(3) 1965 के युद्ध में अब्दुल हमीद ने ______________हथियार से दुश्मन के टैंकों को नष्ट किया।

(4) अब्दुल हमीद को ______________ सर्वोच्च वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(5) रेडियो पर किस देश के आक्रमण के कारण सैनिकों की छुट्टियाँ निरस्त की जा रही थीं?

(i) श्रीलंका (ii) चीन (iii) पाकिस्तान (iv) बांग्लादेश

(6) **कथन:** खेमकरण सेक्टर में अब्दुल हमीद ने अपनी 'रिकॉयललेस गन' से पाकिस्तानी टैंकों का सामना किया।

**कारण:** यह गन उस समय का सबसे आधुनिक गन थी।

(i) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

(ii) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(iii) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(7) "क्यों नहीं अब्दुल! तुम अच्छे खिलाड़ी हो और स्वस्थ भी, तुम्हें अवश्य सेना में भरती होना चाहिए।" यह वाक्य किसने कहा?

(8) अब्दुल हमीद धामपुर गाँव के एक दर्जी परिवार का युवक, जो एक अच्छा खिलाड़ी भी है। भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहता है परन्तु पिता का कहना है कि सिलाई उनका पुश्तैनी काम है, जिससे परिवार का भरण-पोषण सुरक्षित तरीके से होता है। वे चाहते हैं कि अब्दुल सेना के जोखिम के बजाय इसी काम को आगे बढ़ाए। अब्दुल हमीद के सामने देश सेवा (अपना सपना) बनाम पिता की आज्ञा (पारिवारिक जिम्मेदारी) के बीच किसी एक को चुनने की चुनौती है। **( CASE BASED)**

(क) पिता के अनुसार सिलाई का काम उनके परिवार के लिए क्यों महत्वपूर्ण था?

(ख) अब्दुल हमीद के सामने मुख्य रूप से किस बात का द्वंद्व (चुनौती) है?

(ग) क्या अपने माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध जाकर अपने सपनों को पूरा करना सही है? अब्दुल हमीद की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उत्तर दीजिए।

(घ) अब्दुल हमीद की कौन-सी विशेषताएँ उसे भारतीय सेना के लिए एक योग्य उम्मीदवार बनाती हैं?

DPS GANDHINAGAR

# पाठ - 6 बढ़े चलो (कविता)



(1) कविता में 'हाथ में शस्त्र न होने' पर भी आगे बढ़ने को कहा गया है। एक विद्यार्थी के लिए सबसे बड़ा 'शस्त्र' क्या हो सकता है?

(2) कवि ने 'झुकने' और 'रुकने' को मना क्यों किया है?

(i) क्योंकि यह कायरता की निशानी है (ii) क्योंकि बारिश होने वाली है

(iii) क्योंकि रास्ता बहुत छोटा है (iv) क्योंकि रास्ता बहुत छोटा है

(3) 'अधर में कालकूट हो'– इस पंक्ति में 'कालकूट' का क्या अर्थ है?

(i) पहाड़ (ii) अत्यंत विषैला ज़हर (iii) अमृत (iv) आसमान

(4) कविता में 'वीर वस्त्र' न होने का क्या अर्थ है?

(i) कपड़े फट जाना (ii) सर्दियों के कपड़े न होना

(iii) पुराने कपड़े पहनना (iv) सफलता के लिए बाहरी साज-सज्जा की आवश्यकता न होना

(5) 'लहू का अपने फाग हो'– यहाँ 'फाग' शब्द का प्रयोग किस उत्सव के संदर्भ में हुआ है? **(PICTURE BASED)**

(i)  (ii)  (iii)  (iv) 


(6) कविता में 'हिम-शिखर' (बर्फ की चोटी) _______________ प्रतीक है।

(7) **कथन:** सामने बर्फ से ढका पहाड़ (हिम-शिखर) होने पर भी हमें रुकना या झुकना नहीं चाहिए।

**कारण:** पहाड़ हमारे रास्ते की सबसे छोटी और आसान रुकावट होते हैं।


(i) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

(ii) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(iii) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

## पाठ - 7 कलम की पूजा

(1) श्रेया की मम्मी के अनुसार हम उन चीज़ों की पूजा क्यों करते हैं, जिनका हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है?

(i) क्योंकि यह एक पुराना नियम है। (ii) ताकि हम स्कूल में प्रथम आ सकें।

(iii) क्योंकि सम्मान देने से चीज़ों के प्रति लगाव बढ़ता है। (iv) ताकि हम स्कूल में प्रथम आ सकें।

(2) पाठ के अनुसार, शिक्षक 'कलम की पूजा' क्यों करते हैं?

(i)क्योंकि बसंत पंचमी के दिन स्कूल की छुट्टी होती है।

(ii) क्योंकि शिक्षक शिक्षा प्रदान करते हैं और वे सरस्वती के उपासक हैं।

(iii)क्योंकि शिक्षक शिक्षा प्रदान करते हैं।

(iv) क्योंकि कलम बहुत महँगी होती है।

(3) ______________ देवी के हाथों में वीणा, पुस्तक और माला है।

(4) "गुरु जी अपनी कलम की पूजा बसंत पंचमी को क्यों करते हैं?" किसने किससे कहा?

(5) मेज के ऊपर क्या रखा हुआ था? **(PICTURE BASED)**

(i) 

(ii) 

(iii) 

(iv) 

(6) “यह भारतीय संस्कृति और परंपरा है। जिस चीज़ का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है, हम उसको सम्मान देने के लिए उसकी पूजा करते हैं। इससे उस उपयोगी चीज़ के प्रति हमारे मन में अगाध प्रेम पैदा होता है तथा हम उसका बेहतर उपयोग कर पाते हैं।

**(CASE BASED)**

(क) किसी उपयोगी वस्तु की पूजा करने से हमारे मन में क्या बदलाव आता है?

(ख) 'अगाध' शब्द का क्या अर्थ है?

(ग) जब हम किसी वस्तु का सम्मान करते हैं, तो उसका क्या परिणाम होता है?

(7) **कथन:** श्रेया ने घर में कदम रखते ही अपनी मम्मी से सीधे तीखे लहज़े में शिकायत की।

**कारण:** श्रेया अपनी मम्मी से बहुत नाराज़ थी, क्योंकि उन्होंने उसे कहानी नहीं सुनाई थी।

(i) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

(ii) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(iii) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

DPS GANDHINAGAR

# व्याकरण

**पाठ -1 भाषा और व्याकरण**




(1) हमें दूसरों की बात समझने और अपनी बात समझाने के लिए किसकी आवश्यकता होती है?

(2) जब हम बोलकर अपनी बात कहते हैं, उसे __________ भाषा कहते हैं।

(3) लिखित भाषा के उदाहरण लिखिए - (i)                    (ii)

(4) "सत्यमेव जयते।" यह वाक्य जिस भाषा में लिखा है उस भाषा की लिपि लिखिए|

(5) चित्र को देखकर उसका राज्य पहचानिए तथा उस राज्य में बोली जाने वाली भाषा तथा लिपि लिखिए। **(PICTURE BASED)**



(6) ______________ हमें भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराता है।

(7) वाक्य शुद्ध है या अशुद्ध लिखिए -

(क) सीता गाना गा रहा है। -

(ख) मेरी आँखों से आँसू निकल पड़े। -

(ग) बच्चे को काटकर फल खिलाओ। -

(घ) कृपया यहाँ आएँ। -

DPS GANDHINAGAR




(1) **इस अनुच्छेद में प्रयुक्त संज्ञा शब्दों का वर्गीकरण कीजिए- (CASE BASED)**




"हिमालय संसार का सबसे ऊँचा पर्वत है। इसकी चोटियाँ सफ़ेद बर्फ से ढकी रहती हैं। यहाँ की हरियाली और शुद्धता मन को मोह लेती है। ऋषिकेश के पास गंगा नदी का पानी बहुत शीतल होता है। यात्रियों की भीड़ वहाँ शांति की खोज में जाती है। बच्चे, बूढ़े और जवान सभी लोगों की भीड़ इस स्थान की सुंदरता देखकर दंग रह जाते हैं। हवा में एक अजीब सी मिठास होती है जो थकावट को दूर कर देती है।"

**इस अनुच्छेद में प्रयुक्त संज्ञा शब्दों का वर्गीकरण:**

| संज्ञा का भेद | प्रयुक्त शब्द |
|---|---|
| व्यक्तिवाचक संज्ञा - | |
| जातिवाचक संज्ञा - | |
| भाववाचक संज्ञा - | |
| द्रव्यवाचक संज्ञा - | |
| समूहवाचक संज्ञा - | |

DPS GANDHINAGAR

(2) "ईमानदारी सबसे अच्छा गुण है।"- इस वाक्य में संज्ञा शब्द पहचान रेखांकित कीजिए।

(3) संज्ञा का कौन-सा भेद पूरी जाति का बोध कराता है? **(PICTURE BASED)**

(i)व्यक्तिवाचक



(ii) भाववाचक



(iii) जातिवाचक



(iv) समूहवाचक



(4) नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए-

(क) ताजमहल आगरा में स्थित है।

(ख) बचपन के दिन बहुत सुहावने होते हैं।

(ग) बाजार से दो किलो घी लेकर आओ।

(घ) कक्षा में विद्यार्थी पढ़ रहे हैं।

(5) कोष्ठक में दिए गए शब्दों को 'भाववाचक संज्ञा' में बदलकर रिक्त स्थान भरिए-

(क) उसकी ___________ (चतुर) देखकर सब दंग रह गए।

(ख) गन्ने में बहुत ___________ (मीठा) है।

(ग) हवा में बहुत ___________ (ठंडा) है।

(घ) महात्मा बुद्ध ने ___________ (अहिंसक) का मार्ग दिखाया।

(6) 'राम दिल्ली में रहता है।' वाक्य में आए व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्दों के लिए जातिवाचक संज्ञा शब्द लिखिए।




DPS GANDHINAGAR

(1) सही मिलान करें - **(PICTURE BASED)**

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| पैर  | नरेश , नृप |
| नदी  | पाँव, चरण |
| राजा  | सरिता, तटिनी |

(2) नीचे दिए गए प्रत्येक समूह में एक शब्द ऐसा है, जो बाकी शब्दों का पर्यायवाची नहीं है, उसे रेखांकित किजिए-

(क) कमल, जलज, पंकज, वारि, सरोज

(ख) शेर, सिंह, वनराज, अश्व, केसरी

(ग) पुत्री, सुता, तनया, सुत, बेटी

(घ) समुद्र, सागर, सिंधु, पयोधि, तटिनी

(ङ) आकाश, नभ, पावक, गगन, अंबर

(3) नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द के स्थान पर कोष्ठक में से सही पर्यायवाची शब्द चुनकर वाक्य दोबारा लिखिए।

(क) महाराज राजा भोज बहुत न्यायप्रिय थे। (नृप / भानु)

(ख) जंगल में घोड़ा दौड़ रहा है। (घोटक / गज)

(ग) आज आसमान बहुत साफ़ है। (आकाश / नीर)

DPS GANDHINAGAR

(घ) मेरे शिक्षक ने मुझे नई किताब दी। (जनक / गुरु)

(4) पहेली बूझो -

(क) मैं नभ में चमकता हूँ, मुझे दिवाकर भी कहते हैं, बताओ मैं कौन हूँ?

(ख) मैं कानन का राजा हूँ, मुझे केसरी भी पुकारते हैं, बताओ मैं कौन हूँ?

(ग) मैं पाठशाला भी कहलाता हूँ, और गुरु यहाँ शिक्षा देते हैं, बताओ मैं क्या हूँ?




(1) लिंग किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखो|

(2) पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द छाँटिए-

बाल, मामी, वृद्धा, डिबिया, चिंटा, दादा, बुआ, सुनार, बहन, मोर, नर, जेठ

(3) स्त्रीलिंग या पुल्लिंग में समान रूप में प्रयुक्त होने वाला विकल्प चुनिए - **(PICTURE BASED)**

(i) तितली



(iii) कोयल



(ii) चमेली



(iv) डॉक्टर



(4) लिंग बदलकर वाक्य लिखो -

(क) श्रीमान जी घर पर हैं।

(ख) राजा ने अपने सेवक को बुलाया।

(ग) धोबी कपड़े धो रहा है।

(घ) पंडित जी कथा सुना रहे हैं।

(5) पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों को उचित जगह लिखो - **(CASE BASED)**

"एक चिड़िया आई, दाल का दाना लाई। पीछे-पीछे चूहा आया, अपना दोस्त बुलाया। सबने मिलकर दावत खाई, खुशी की लहर छाई।"

<u>पुल्लिंग</u> <u>स्त्रीलिंग</u>




(1) संज्ञा शब्दों की संख्या बताते हैं, बोलो बच्चों हम क्या कहलाते हैं? **(Picture-based question)**

(i) 

(ii) 

(iii) 
(iv) 


(2) निम्नलिखित शब्दों का वचन बदलकर लिखिए -

(क) कला का बहुवचन - ____________________

(ख) घोड़े का एकवचन - ____________________

(ग) मक्खी का बहुवचन - ____________________

(घ) बालिकाएँ का एकवचन - ____________________

(3) इनमें से कौन-सा शब्द 'एकवचन' का सही उदाहरण है?

(i) पुस्तकें (ii) माला (iii) लड़के (iv) गमले

(4) 'नदी' शब्द का सही बहुवचन रूप क्या होगा?

(i) नदीएँ (ii) नदियाँएं (iii) नदियाँ (iv) नदियें

(5) इनमें से कौन-सा शब्द सदैव 'बहुवचन' में ही प्रयोग होता है?

(i) पानी (ii) प्राण (iii) जनता (iv) सोना

(6) 'आदर' प्रकट करने के लिए किस वचन का प्रयोग किया जाता है?

(i) एकवचन (ii) द्विवचन (iii) बहुवचन (iv) इनमें से कोई नहीं

(7) 'गुड़िया' शब्द का बहुवचन बनाने के लिए क्या जोड़ा जाता है?

(i) ए (ii) चंद्रबिंदु (ँ) (iii) एँ (iv) ओ

## सर्वनाम




(1) अनुच्छेद में प्रयोग किए गए सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए - **(CASE BASED)**

"रोहन मेरा सबसे अच्छा मित्र है। वह मेरे घर के पास ही रहता है। हम दोनों एक ही विद्यालय में पढ़ते हैं। उसका स्वभाव बहुत शांत है। हमें साथ खेलना और पढ़ना बहुत पसंद है। जो मेहनत करता है, वही सफल होता है - यह बात रोहन हमेशा कहता है।"

(2) पुरुषवाचक सर्वनाम का सही उदाहरण चुनिए-? **(PICTURE BASED)**

(i)




(iii)




(ii)




(iv)




(3) सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए -

(क) पिताजी से मिलने कोई आया है।

(ख) मैं कल घूमने जाऊँगा।

(ग) किसी को यह बात मत बताना।

(घ) मुझे खाने के लिए राजमा-चावल चाहिए।

(ङ) तुम भी कुछ काम कर लो।

(4) सर्वनाम शब्दों का वचन बदलकर सही वाक्य लिखो-

(क) मैं तुम्हें एक पेंसिल दूँगा।

(ख) वे रोने लगे।

(ग) इन प्रश्नों के उत्तर दो।

(घ) यह पुस्तक लौटा दो।

(5) नीचे एक छोटा सा अनुच्छेद है जिसमें से सर्वनाम "गायब" हो गए हैं। क्या आप इसे सही सर्वनामों से भर सकते हैं? **(CASE BASED)**

एक छोटा लड़का था। ________ नाम अमन था। ________ चित्रकारी करना बहुत पसंद था। एक दिन ________ एक सुंदर जंगल का चित्र बनाया। जब अमन ने ________ यह चित्र माता-पिता को दिखाया, तो _______ अमन की बहुत तारीफ की। माता-पिता ने कहा, 'अमन, ________ यह चित्र वाकई बहुत खूबसूरत है।' यह सुनकर ________ बहुत खुश हुआ|




(1) **सही विलोम शब्द का मिलान करें (Match the following)**

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| 1. अग्रज | क. हानि |
| 2. अपना | ख. नीचा |
| 3. ऊँचा | ग. पराया |
| 4. लाभ | घ. अनुज |
| 5. वीर | ड. कायर |

(2) कोष्ठक में से सही विलोम शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें-

(क) सूर्य पश्चिम में अस्त होता है और पूर्व में __________ होता है। (अग्रज / उदय)

(ख) यह आम मीठा है, लेकिन नीम __________ है। (कड़वा / खट्टा)

(ग) वह शहर में रहता है इसलिए वह शहरी है, मैं गाँव में रहता हूँ इसलिए __________ हूँ। (शहरी / ग्रामीण)

(घ) सच्चाई असली होती है, झूठ हमेशा __________ होता है। (सफल / नकली)

(ङ) भगवान के लिए राजा और __________ दोनों एक समान हैं। (रंक / शत्रु)

(3) नीचे दिए गए अनुच्छेदों को ध्यान से पढ़ें और विलोम शब्द चुनकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **(CASE BASED)**

"भारत एक स्वतंत्र देश है। हमें यह आज़ादी बहुत संघर्ष के बाद मिली है। हमें कभी भी किसी का गुलाम बनकर नहीं रहना चाहिए। यदि हम वीर बनेंगे, तो कोई भी शत्रु हमें डरा नहीं पाएगा। हमेशा सत्य की राह पर चलना चाहिए क्योंकि अंत में जीत सत्य की ही होती है।"

(क) अनुच्छेद में आए शब्द 'स्वतंत्र' का सही विलोम शब्द क्या है?

(i) आज़ाद (ii) परतंत्र (iii) बंधन

(ख) 'वीर' शब्द का विलोम शब्द चुनिए:


(i) निडर (ii) बहादुर (iii) कायर

(ग) 'सत्य' शब्द का उल्टा अर्थ देने वाला शब्द कौन सा है?

(i) असत्य (ii) सही (iii) सच

(4) सही शब्दों के चित्र का मिलान कीजिए- **(PICTURE BASED)**

(क) पालतू



(i) परतंत्र



(ख) स्वतंत्र



(ii) अनेक



DPS GANDHINAGAR

(ग) एक



(iii) जंगली



(क) - ________ (ख) - ___________ (ग) - __________

(5) नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

(क) आज़ाद × __________

(ख) सुख × __________

(ग) पाप × __________

(घ) आलसी × __________

DPS GANDHINAGAR

# Periodic Test-1 Revision

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **4×1=4**

"सच्चा मित्र जीवन में एक वरदान की तरह होता है। विपत्ति के समय जो हमारा साथ निभाए, वही सच्चा मित्र है। आज के युग में स्वार्थी लोगों की कमी नहीं है, जो केवल अच्छे दिनों में हमारे साथ रहते हैं और संकट आते ही साथ छोड़ देते हैं। ऐसे मित्रों से सावधान रहना चाहिए। सच्चा मित्र हमें गलत रास्ते पर जाने से रोकता है और सही राह दिखाता है। वह हमारी कमजोरियों को छिपाकर हमारे गुणों को निखारता है। इतिहास में कृष्ण और सुदामा की मित्रता अमर है। सच्ची मित्रता में ऊँच-नीच, अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं होता। इसलिए मित्र चुनते समय हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि एक गलत संगति हमारे पूरे जीवन को नष्ट कर सकती है।"

(क) गद्यांश के अनुसार सच्चा मित्र हमारे जीवन में किसके समान होता है?

(i) एक मार्गदर्शक की तरह (iii) एक वरदान की तरह

(ii)एक साधारण व्यक्ति की तरह (iv) एक चुनौती की तरह

(ख) सच्चे मित्र की मुख्य पहचान क्या बताई गई है?

(i) जो अच्छे दिनों में हमारे साथ रहे (iii) जो हर बात का समर्थन करे

(ii) जो विपत्ति के समय साथ निभाए (iv) जो हमें मूल्यवान उपहार दे

(ग) आज के युग में किस प्रकार के लोगों की कमी नहीं है?

(i) परोपकारी लोगों की (iii) सच्चे और ईमानदार मित्रों की

(ii) धार्मिक लोगों की (iv) स्वार्थी लोगों की

(घ) सच्ची मित्रता में किस प्रकार का भेदभाव आड़े नहीं आता?

(i) विचारों और आदतों का (iii) उम्र और ज्ञान का

(ii) ऊँच-नीच और अमीर-गरीब का (iv) भाषा और पहनावे का

DPS GANDHINAGAR

**प्रश्न 2** **उचित शब्द से वाक्य पूरे करो -** **3×1=3**

(क) ____________________ भाषा को शुद्ध रूप में बोलना, लिखना और पढ़ना सिखाता है| (लिपि, लिखित, व्याकरण)

(ख) संस्कृत, हिंदी, गुजराती तथा मराठी आदि भाषाओं की लिपि _______________ है| (रोमन, देवनागरी, गुरुमुखी)

(ग) भारत के संविधान में ________ भाषाओँ को सम्मिलित किया गया है। ( 21 , 22 , 23 )

**प्रश्न-3** **निर्देशानुसार उत्तर का चयन कीजिए -** **3×1=3**

(क) बगीचे में कई पेड़ हैं- इस वाक्य में आए संज्ञा शब्दों को चुनकर लिखिए|

(ख) 'पढ़ना' शब्द अगर क्रिया है तो 'पढ़ाई' शब्द क्या होगा?

(ग) द्रव्यवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

**प्रश्न-4** **उचित विकल्प का चयन कीजिए -** **2×1=2**

(क) **कथन:** कोयल, पपीहा और बुलबुल सभी पक्षियों के गीत या राग का मूल भाव (संदेश) एक ही है।
**कारण:** कोयल की कूक प्यारी होती है और पपीहे की टेर न्यारी होती है।
(i) कथन और कारण दोनों सही हैं।
(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
(iii) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।
(iv) कथन गलत सही है, किंतु कारण सही है।

(ख) **कथन:** हामिद ने खिलौनों को देखकर अपने आप को समझाया कि 'मिट्टी के तो हैं, गिरें तो चकनाचूर हो जाएँ।'
**कारण:** हामिद को मिट्टी के खिलौने बिल्कुल पसंद नहीं थे और वह लोहे के खिलौने खरीदना चाहता था।
(i) कथन और कारण दोनों सही हैं।
(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

DPS GANDHINAGAR

(iii) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

(iv) कथन गलत सही है, किंतु कारण सही है।

**प्रश्न-5** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **2×2=4**

(क) रंग, रूप, वेष और भाषा अलग-अलग होते हुए भी हम एक कैसे हैं?

(ख) किन बातों से पता चलता है कि हामिद और अमीना के पास पैसों की कमी थी?

**प्रश्न-6** **'प्रदषूण की समस्या' विषय पर 50 से 55 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए|** **1×4=4**

DPS GANDHINAGAR

# HALF YEARLY EXAM REVISION

**खण्ड (क)**

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 7×1=7**

"विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का स्वर्ण काल माना जाता है। इस काल में बालक जो भी सीखता है, वह उसके भविष्य की नींव बनता है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का सबसे अधिक महत्व है। अनुशासित छात्र न केवल अपने जीवन में सफल होता है, बल्कि समाज और देश का नाम भी रोशन करता है। समय का सदुपयोग करना इस काल की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जो छात्र आज के काम को कल पर टालते हैं, वे जीवन में कभी सफल नहीं हो पाते। आलस्य विद्यार्थी का सबसे बड़ा शत्रु है, जबकि परिश्रम उसका सबसे बड़ा मित्र। इस उम्र में अच्छी आदतें अपनाने से चरित्र का निर्माण होता है, जो आगे चलकर एक श्रेष्ठ नागरिक बनने में मदद करता है।"

(क) मानव जीवन का स्वर्ण काल किसे माना गया है?

(i) युवावस्था को (iii) विद्यार्थी जीवन को

(ii) वृद्धावस्था को (iv) बाल्यकाल को

(ख) विद्यार्थी जीवन में सबसे अधिक महत्व किसका है?

(i) धन का (iii) अनुशासन का

(ii) मनोरंजन का (iv) आराम का

(ग) विद्यार्थी का सबसे बड़ा शत्रु किसे कहा गया है?

(i) आलस्य को (iii) समय को

(ii) परिश्रम को (iv) मित्रों को

(घ) कौन से छात्र जीवन में कभी सफल नहीं हो पाते?

(i) जो परिश्रम करते हैं (iii) जो समय का सदुपयोग करते हैं

(ii) जो अनुशासित रहते हैं (iv जो आज के काम को कल पर टालते हैं

DPS GANDHI

(ङ.) इस गद्यांश के लिए सबसे उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

(i) आलस्य और परिश्रम | (iii) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(ii) देश का निर्माण | (iv) समय का महत्व

(च) एक 'श्रेष्ठ नागरिक' बनने में विद्यार्थी जीवन किस प्रकार मदद करता है?

(छ) गद्यांश में से खोजकर विलोम शब्द लिखो - मित्र ×

**प्रश्न-2** **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **5×1=5**




"हरा-भरा है देश हमारा, हर कोना एक ताना-बाना।
कहीं मुकुट सा खड़ा हिमालय, कहीं सिंधु का पैर दबाना।
रेगिस्तानों की तपती रेत, और कहीं झरनों का गाना,
अलग-अलग हैं रूप यहाँ के, पर एक ही है मंज़िल पाना।
हम सब इस उपवन के माली, भारत देश हमारा प्यारा।"

(क) काव्यांश में 'मुकुट' किसे कहा गया है?

(i) रेगिस्तान को | (ii) हिमालय को

(iii) सिंधु को | (iv) उपवन को

(ख) काव्यांश के अनुसार, अलग-अलग रूप होने के बाद भी सबकी क्या एक है?

(i) भाषा | (ii) पहनावा

(iii) खान-पान | (iv) मंज़िल पाना

(ग) "हम सब इस उपवन के माली" में 'उपवन' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(i) किसी बगीचे के लिए | (ii) पूरी दुनिया के लिए

(iii) भारत देश के लिए | (iv) जंगलों के लिए

DPS GANDHINAGAR

(घ)  चित्र को ध्यान से देखिए और बताइए कि कविता की कौन सी पंक्ति इस चित्र को पूरी तरह परिभाषित करती है?

(ड़) **कथन:** भारत में कहीं तपती रेत है तो कहीं गाते हुए झरने और बर्फ़ीला हिमालय है।

**कारण:** भारत एक विशाल देश है जहाँ अत्यधिक भौगोलिक और प्राकृतिक विविधताएँ पाई जाती हैं।

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(iii) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

(iv) कथन गलत सही है, किंतु कारण सही है।

## खण्ड (ख)

**प्रश्न-3 शब्द के सही वचन को गोला कीजिए:-** **3×1=3**

(क) नदी - नदियाँ नदीयाँ नदियाओं

(ख) माला - माले मालायें मालाएँ

(ग) पुस्तक - पुस्तकों पूस्तकें पुस्तकें

**प्रश्न-4 रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए:-** **3×1=3**

(क) <u>हथिनी</u> पानी पी रही है|

(ख) <u>शिक्षक</u> पढ़ा रहे हैं|

(ग) <u>गायिका</u> गीत गा रही है|

**प्रश्न-5 सर्वनाम शब्द को छाँटकर उससे एक नया वाक्य बनाइए:-** **3×1=3**

(क) मेरा भाई मुझसे डरता है|

(ख) मैं अभी स्कूल जा रहा हूँ|

DPS GANDHINAGAR

(ग) तुम्हारा सामान मेरे पास है|

**प्रश्न-6** **नीचे दिए चित्रों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:-** **3×1=3**

(क) 

(ख) 

(ग) 

**प्रश्न-7** **सही विलोम शब्द पर गोला लगाइए:-** **3×1=3**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | धनी - | बुरा | निर्धन | तेज़ |
| (ख) | न्याय - | अन्याय | परतंत्र | कायर |
| (ग) | सफल - | शहरी | भरा | पाताल |

**<u>खण्ड (ग)</u>**

**प्रश्न-8** **सही विकल्प का चयन कीजिए:-** **3×1=3**

(क) **कथन:** ब्रह्मा जी ने मनुष्य का निर्माण करने के बाद भी सृष्टि में एक अधूरापन महसूस किया।
**कारण:** क्योंकि उस समय सृष्टि में पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ था और ज्ञान या वाणी की कमी थी।

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(iii) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

(iv) कथन गलत सही है, किंतु कारण सही है।

(ख) ब्रह्मा जी के कमंडल से जल छिड़कने पर किस देवी की उत्पत्ति हुई?

(i) 

(iii) 

(III) 

(IV) 

DPS GANDHINAGAR

(ग) राघव एक समझदार लड़का है। एक दिन जब उसने अपने छोटे भाई रोहन को कमरे में किताबें बिखेरकर खेलते देखा, तो उसने उसे प्यार से अपनी चीजें सही जगह रखने की सीख दी। रोहन ने अपनी गलती मानी और दोनों भाइयों ने मिलकर कमरा साफ़ किया, जिससे उनके माता-पिता बेहद खुश हुए।

**प्रश्न -** रोहन और राघव का कौन-सा व्यवहार देखकर उनके माता-पिता खुश हुए?

**प्रश्न-9** **पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **3×1=3**

गगन उगलता आग हो,
छिड़ा मरण का राग हो,
लहू का अपने फाग हो,
अड़ो वहीं, गड़ो वहीं,
बढ़े चलो बढ़े चलो।

(क) "गगन उगलता आग हो" पंक्ति का क्या अर्थ है?

(i) आसमान से सचमुच की आग बरस रही है।

(ii) परिस्थितियाँ अत्यधिक कठिन, चुनौतीपूर्ण या युद्ध जैसी भयानक हों।

(iii) बहुत तेज गर्मी का मौसम है।

(iv) सूरज बहुत तेजी से चमक रहा है।

(ख) "लहू का अपने फाग हो" वाक्यांश में 'फाग' (होली) खेलने से कवि का क्या तात्पर्य है?

(i) सैनिकों को रंगों से होली खेलनी चाहिए।

(ii) देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने को तत्पर रहना।

(iii) जीवन में केवल उत्सव मनाना।

(iv) डर कर पीछे हट जाना।

(ग) काव्यांश में प्रयुक्त 'आग' और 'राग' शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

DPS GANDHINAGAR

**प्रश्न-10** **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **5×1=5**

7 दिसंबर 1954 को ग्रेनेडियर्स की चौथी बटालियन में अब्दुल हमीद की भरती हुई। वे सेना के खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते और अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाते थे। वे जल्दी ही बंदूक चलाने में पारंगत हो गए। उन्हें युद्ध में शानदार प्रदर्शन करने के लिए युवा रंगरूटों के प्रशिक्षण का दायित्व दिया गया। इसी दौरान उन्हें हवलदार पद पर पदोन्नति किया गया।

(क) अब्दुल हमीद की भर्ती सेना की किस बटालियन में हुई थी?

(i) सिख रेजिमेंट (ii) राजपूत रेजीमेंट

(iii) ग्रेनेडियर्स की चौथी बटालियन (iv) गोरखा राइफल्स

(ख) अब्दुल हमीद को 'हवलदार' पद पर पदोन्नत (Promote) क्यों किया गया?

(i) क्योंकि वे सिलाई का काम जानते थे।

(ii) युद्ध में शानदार प्रदर्शन और युवाओं को प्रशिक्षण देने के दायित्व के कारण।

(iii) क्योंकि वे सेना के सबसे वरिष्ठ सदस्य थे।

(iv) केवल उनकी लंबी सेवा के कारण।

(ग) अब्दुल हमीद को युवाओं (रंगरूटों) के प्रशिक्षण का दायित्व क्यों दिया गया?

(घ) सेना में शामिल होने के बाद अब्दुल हमीद ने अपनी खेल प्रतिभा और कर्तव्यों का पालन किस प्रकार किया?

(ङ) गद्यांश में से दिए गए 'रंगरूटों' और 'बटालियन' शब्दों का वचन बदलिए।

**प्रश्न-11** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **2×2=4**

(क) सृष्टि में अधूरापन क्यों था और उसे कैसे दूर किया गया?

(ख) कविता में 'लहू का फाग' खेलने की बात क्यों कही गई है?

DPS GANDHINAGAR

**<u>खण्ड (घ)</u>**

**प्रश्न-12** **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :-** **1×3=3**

(क) थल (ख) घटा (ग) उपासक

**प्रश्न-13** **पिताजी को पुस्तकें भिजवाने के लिए पत्र लिखिए|** **1×5=5**

DPS GANDHINAGAR

## SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY-2

* 'समझ में आया' (पाठ -10 )एकांकी का नाट्य अभिनय।

| |
|---|
| **अंक विभाजन** |
| ***संवाद कौशल -4 अंक** |
| ***प्रस्तुतिकरण -4 अंक** |
| ***समग्र प्रभाव - 2 अंक** |

## ART INTEGRATED LEARNING-2

*नारियल के छिलके का उपयोग करके सजावट के लिए कुछ सामान बनाए।

| क्रमांक | अंक विभाजन | अंक |
|---|---|---|
| 1. | रचनात्मकता | 5 अंक |
| 2. | स्वच्छता | 3 अंक |
| 3. | समग्र प्रस्तुति | 2 अंक |
| | कुल अंक | 10 अंक |

## CBE WORKSHEET - 2

**श्रुतभाव ग्रहण गतिविधि (LISTENING ACTIVITY)-10 अंक**

## पाठ - 8 सौरमंडल की सैर

(1) उन दोनों गैस का नाम लिखिए जिससे सूरज बना है?

(2) उस ग्रह का नाम लिखिए जो सूर्य के सबसे नज़दीक होने के साथ-साथ आकार में सभी ग्रहों में सबसे छोटा है|


(3) कौन-से ग्रह में 95 चाँद घूम रहे हैं?

(4) उन चारों ग्रहों के नाम लिखिए जो मिट्टी - पत्थरों से बने हैं|

(5) सौरमंडल का सबसे विशाल ग्रह कौन-सा है? दिए गए विकल्पों में से चुनिए -

(i) सोम (ii) मंगल (iii) बुध (iv) बृहस्पति

(6) चित्र को देखकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**(PICTURE BASED)**



(क) सौरमंडल में कितने ग्रह हैं?

(ख) कौन-सा ग्रह का रंग लाल है?

(7 ) सीमा सौरमंडल के एक ग्रह जिसे पृथ्वी कहते हैं, वह अपने परिवार के साथ रहती है| हम लोग भी पृथ्वी पर ही रहते है| हम सबका पृथ्वी पर रहने का क्या कारण हो सकता है? **(CASE BASED)**

## पाठ - 9 लड़की

(1) पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

लड़की कलाकार होती है,

DPS GN NAGAR

कोयल के स्वर गाती|

लड़की सुंदर नृत्य दिखाकर

नए लोक ले जाती|

लड़की शासन चला रही है,

लेती ज़िम्मेदारी.....

(क) लड़की किसके स्वर में गाती है?

(ख) लड़की क्या चला रही है?

(ग) लिंग बदलिए-

लड़का -______

(2) लड़की क्या लेकर अँधियारा मिटा रही है?

(3) नीचे दिए गए चित्र को देखिए और लिखिए कि वह किस क्षेत्र से जुड़ी है-**(PICTURE BASED)**



________________



________________



________________



________________

DPS GANDHINAGAR

(4) मान्या और उनकी सहेली दोनों ने पुलिस अधिकारी की परीक्षा दी और वे दोनों ही अच्छे अंकों से पास हो गई हैं| आजकल महिलाएँ पुलिस अधिकारी बनने में ज्यादा रुचि दिखा रही हैं| क्यों ? **(CASE BASED)**

## पाठ - 11 लाक्षागृह

(1) धृतराष्ट्र ने किसका युवराज के पद पर अभिषेक कर दिया था?


(2) दुर्योधन के मामा और उसके सलाहकार का नाम लिखिए|

(3) लाक्षागृह में कौन-कौन जल गए थे?

(4) श्री कृष्ण के बड़े भाई का नाम क्या था? दिए गए विकल्पों में से चुनिए -

(i) कंस (ii) शकुनी (iii) बलराम (iv) जयराम

(5) नीचे दिए गए चित्र को देखकर उस शस्त्र का चयन कीजिए जिसका प्रयोग युद्धभूमि में नहीं किया जाता - **(PICTURE BASED)**




धनुष -बाण



शंख



चश्मा



गदा

(6) लाक्षागृह के निर्माण में किन सामग्रियों का उपयोग किया गया था और क्यों? **(CASE BASED)**

## पाठ -12 धरती कितनी बड़ी किताब

(1) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

चाँदी-सोना इसके अंदर

हीरे-पन्ना इसके अंदर

DPS GANDHINAGAR

इसमें बीती हुई कहानी
इसमें छिपा हुआ है पानी |
इसे पढ़ो बन जाओ नवाब
धरती किती बड़ी किताब|

(i) पद्यांश में धरती को किसके जैसे बताया गया है?

(ii) धरती के अंदर कौन-कौन से खजाने हैं?

(iii) समानार्थी शब्द लिखिए -

धरा -_________ जल - ________

(2) मानव का इतिहास कैसा है?

(3) खाली स्थान भरिए -

(i) खोद-खोदकर गहराई से, बहुत मिला _________ माई से| ( कीर्ति / धरती)

(ii) जिसका कोई मोल (PRICE) न हो, उसे क्या कहते हैं? ( अनमोल / बहुमूल्य)

(4) आपके गाँव में खुदाई करने पर कुछ पुराना खज़ाना मिला| क्या आप उसे बेच देंगे या सरकार को देंगे? क्यों? **(CASE BASED)**

## पाठ - 13 वनदेवी

(1) हिमालय की तराई में एक राजा रहता था| प्रस्तुत वाक्य में हिमालय भारत के किस दिशा में स्थित है?

(2) महामंत्री ने कितने लोगों को पेड़ लेने के लिए भेजा?

(3) देवदार पेड़ को लेने में कौन-से दो जानवर असफल रहे?

(4) 'यह तो बड़ा विचित्र अनुरोध है|' यह वाक्य किसने कहा?

(5) वनदेवी ने राजा से स्वयं को कितने भाग में कटवाने का अनुरोध किया? सही विकल्प चुनिए-

(i) दो (ii) तीन (iii) चार (iv) पाँच


DPS GANDHINAGAR

(6) दिए गए चित्रों को देखकर बताइए कि इसमें से देवदार का पेड़ कौन-सा है? **(PICTURE BASED)**



(7 ) राजा ने अंत में यह निश्चय किया कि अब वह अपना महल बनाने के लिए लकड़ी का खंभा नहीं परंतु पत्थर का खंभा बनवाएगा| ऐसा उसने क्यों कहा? **(CASE BASED)**

## व्याकरण

### कारक

(1) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के अन्य शब्दों से उसका संबंध जाना जाता है, वह क्या कहलाता है?

(2) मैंने यह चित्र पेंसिल की मदद से बनाया है| प्रस्तुत वाक्य में 'से' चिह्न कौन से कारक का है?

(i) कर्ता कारक (ii) करण कारक (iii)अपादान कारक (iv) संप्रदान कारक

(3) नीचे दिए गए चार्ट के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**(PICTURE BASED)**

| कारक (Case) | चिह्न (Sign) | अर्थ / उपयोग (Usage) |
|---|---|---|
| 1. कर्ता (Karta) | ने | काम करने वाला |
| 2. कर्म (Karm) | को | जिस पर काम का असर पड़े |
| 3. करण (Karan) | से, के द्वारा | जिसके द्वारा काम हो |

DPS GANDHINAGAR

| | | |
|---|---|---|
| 4. संप्रदान (Sampradan) | के लिए, को | जिसके लिए काम किया जाए |
| 5. अपादान (Apadan) | से (अलग होना) | किसी चीज़ से अलग होना |
| 6. संबंध (Sambandh) | का, की, के | पदों में संबंध बताना |
| 7. अधिकरण (Adhikaran) | में, पर | क्रिया का आधार या स्थान |
| 8. संबोधन (Sambodhan) | हे! अरे! | किसी को बुलाना या पुकारना |

(क) 'पेड़ से पत्ता गिरा।' प्रस्तुत वाक्य में कौन-सा चिह्न आएगा?

(ख) 'मेरा सामान मेज़ पर रखा है|' प्रस्तुत वाक्य में कौन-सा चिह्न आएगा?

(4) **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(CASE BASED)**

विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।_अमित ने दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल के मैदान में चारों तरफ खुशी का माहौल था। मुख्य अतिथि ने अपने हाथों से अमित को ट्रॉफी प्रदान की। अमित की माता जी खुशी से रो पड़ीं। उन्होंने अमित के लिए एक सुंदर घड़ी खरीदी थी। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद, सभी छात्र अपने-अपने घरों को लौट गए। अचानक आसमान में काले बादल छा गए और पेड़ों से सूखी पत्तियाँ गिरने लगीं। तभी शिक्षक ने ज़ोर से कहा, "हे छात्रों! जल्दी से सुरक्षित स्थान पर पहुँचो।

(क) वाक्य "अमित की माता जी खुशी से रो पड़ीं" में 'खुशी से' पद में कौन-सा कारक है? क्यों?

(i) अपादान कारक (अलग होने का भाव) (iii) अधिकरण कारक

(ii) करण कारक (रोने का कारण या माध्यम) (iv) संबोधन कारक



DPS GANDHINAGAR

(ख) शिक्षक के कथन "हे छात्रों! जल्दी से सुरक्षित स्थान पर पहुँचो" में 'हे छात्रों!' में किस कारक का प्रयोग हुआ है?

(i) कर्ता कारक (iii) करण कारक

(ii) संबंध कारक (iv) संबोधन कारक

**विशेषण**

(1) विशेषण के कितने भेद होते हैं?

(i) चार (ii) पाँच (iii) छः (iv) सात

(2) दिए गए चित्र को देखकर कोई भी पाँच संज्ञा शब्दों को लिखकर उनकी एक-एक विशेषता लिखिए - **(PICTURE BASED)**



| **संज्ञा शब्द** | **विशेषण शब्द** |
|---|---|
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |

(3) विशेषण शब्दों को रेखांकित करके उनके भेद लिखिए -

(क) माँ ने दो किलो आलू खरीदे|

(ख) मेरे पास सफ़ेद कुरता है|

(ग) पृथ्वी धरती गोल है|

(घ) बरगद का पेड़ बड़ा है|

(ङ) यह बस्ता मेरा है

(4) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: **(CASE BASED)**

रोहन और रिया अपने माता-पिता के साथ एक **विशाल** और **सुंदर** बगीचे में घूमने गए। बगीचे में चारों तरफ **हरी-भरी** घास मखमली कालीन जैसी लग रही थी। वहाँ

DPS GANDHINAGAR

**कुछ** बच्चे **रंगीन** गेंदों से खेल रहे थे, तो कुछ लोग **लंबी** बेंच पर बैठकर बातचीत कर रहे थे। बगीचे के कोने में **दो** ऊँचे पेड़ थे, जिन पर **मीठे** आम लगे हुए थे। रोहन ने अपनी माँ से कहा, "माँ! मुझे **एक किलो** आम चाहिए।" माँ ने मुस्कुराते हुए कहा, "पहले हम इस **ठंडी** हवा का आनंद ले लें, फिर घर जाते समय ले लेंगे।" तभी एक **ईमानदार** गुब्बारे वाले ने रिया को एक **चमकीला** गुब्बारा उपहार में दिया। सभी लोग वहाँ बहुत खुश थे।

(क) हरी-भरी शब्द किस विशेषण का प्रकार है?

(ख) गुब्बारे वाले के लिए 'ईमानदार' शब्द का प्रयोग किया गया है, तो यह उसके किस गुण को दर्शाता है? गद्यांश से कोई अन्य एक 'गुणवाचक विशेषण' ढूँढकर लिखिए जो किसी वस्तु के स्वाद या स्पर्श (feel) को बताता हो।

(ग) 'कुछ बच्चे रंगीन गेंदों से खेल रहे थे|' प्रस्तुत वाक्य में कुछ शब्द कौन-से विशेषण का प्रकार है?

**क्रिया**

(1) वाक्यों में आई क्रियाओं को रेखांकित करके लिखिए कि सकर्मक हैं या अकर्मक -

| **वाक्य** | **भेद** |
|---|---|
| (क) नमन रो रहा है| | |
| (ख) कनिका किताब पढ़ रही है| | |
| (ग) आसमान में पक्षी उड़ रहे हैं| | |
| (घ) रिया कैरम खेलती है| | |
| (ड) पिताजी ने सोहन को नई साइकिल दिलाई| | |

(2) नीचे दिए गए चित्र को देखकर कुछ क्रिया स्वयं हो रही है और कुछ क्रिया किसी की सहायता से हो रही है? चित्र में से ऐसे तीन-तीन वाक्य लिखिए जिसमें कुछ अपने आप हो रही है और तीन किसी की सहायता से कर रहे हैं| **(PICTURE BASED)**



DPS GANDHINAGAR



(3) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: **(CASE BASED)**

रविवार का दिन था। आकाश में बादल छाए थे और ठंडी हवा चल रही थी। नेहा अपने कमरे में बैठकर कहानी की किताब पढ़ रही थी। तभी उसकी माँ ने उसे आवाज़ दी और कहा, "नेहा! ज़रा नौकर से कहकर पौधों में पानी डलवा दो।" नेहा तुरंत उठी और उसने नौकर से पानी डलवाया। इसके बाद वह भी बगीचे में चली गई, जहाँ उसका छोटा भाई हँस रहा था और तितलियों के पीछे दौड़ रहा था। कुछ देर बाद आसमान में रंग-बिरंगा इंद्रधनुष निकल आया। सभी बच्चे उसे देखकर झूम उठे।

(क) "नेहा कहानी की किताब पढ़ रही थी।" इस वाक्य में प्रयुक्त क्रिया 'पढ़ रही थी' क्रिया का कौन-सा भेद है?

(ख) गद्यांश में आए वाक्य "छोटा भाई हँस रहा था" में क्रिया का भेद पहचानिए|

## काल

(1) कोष्ठक में दिए गए संकेतों के आधार पर वाक्य बदलिए -

(क) रंग-बिरंगी तितलियाँ उड़ रही हैं| (भूतकाल)

(ख) मैं कल दिल्ली जाऊँगी| (भविष्यत् काल)

(ग) रोहन गृहकार्य कर रहा था| (वर्तमान काल)

(2) रेखांकित क्रियाओं के आधार पर काल का भेद लिखिए-

(क) मेरी बहन दसवीं कक्षा में <u>पढती है|</u>

(ख) कल कॉलेज की छुट्टी <u>होगी|</u>

(ग) मैंने दिवाली का त्यौहार ख़ुशी-ख़ुशी <u>मनाया था</u>|

DPS GANDHINAGAR

(3) बीते समय की सूचना किस काल से मिलती है?

(i) भूतकाल (ii) वर्तमान काल (iii)भविष्यत् काल (iv) इनमें से कोई नहीं

(4) क्रिया का वह रूप जिससे कार्य का भविष्य में होने का पता चले, उसे कौन-सा काल कहते हैं?

(i) भूतकाल (ii) वर्तमान काल (iii)भविष्यत् काल (iv) इनमें से कोई नहीं

(5) **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **(CASE BASED)**

कल हमारे विद्यालय में वार्षिक उत्सव (Annual Function) **मनाया गया था**। सभी छात्रों ने रंग-बिरंगे कार्यक्रम पेश किए थे। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार **दिए**। आज विद्यालय में शांति है और सभी बच्चे अपनी कक्षाओं में **पढ़ रहे हैं**। प्रधानाचार्य जी अध्यापकों के साथ बैठक **कर रहे होंगे**। हमारी कक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच हो रही है। हमारी कक्षा अध्यापिका ने बताया, "कल विद्यालय में खेल प्रतियोगिता **होगी**। जो छात्र जीतेंगे, उन्हें अगले महीने राज्य स्तर पर **भेजा जाएगा**।" यह सुनकर खेल के शौकीन बच्चे बहुत खुश हैं।

(क) गद्यांश के पहले वाक्य "वार्षिक उत्सव मनाया गया था" में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?

(ख) गद्यांश में एक वाक्य आया है– *"प्रधानाचार्य जी अध्यापकों के साथ बैठक कर रहे होंगे।"* इस वाक्य में 'कर रहे होंगे' क्रिया से वर्तमान समय में काम के होने पर संदेह (Doubt) प्रकट हो रहा है।इस काल के भेद का नाम लिखिए।

(ग) गद्यांश से कोई एक ऐसा वाक्य ढूंढकर लिखिए जो **भविष्यत काल** (Future Tense) को दर्शाता हो।

## वाक्यांश के लिए एक शब्द

सही उत्तर पर गोला लगाओ-


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | पाँच रंगों वाला | सतरंगा | तिरंगा | पंचरंगा |
| (ख) | जो ऊपर कहा गया हो | उपलीखित | उपर्युक्त | हस्तलिखित |



DPS GANDHINAGAR

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (ग) | जहाँ नदियों का मिलन हो | संगम | सुगम | मिलान |
| (घ) | जिसकी तीन भुजाएँ हो | त्रिभुज | चौकौर | चतुर्भुज |
| (ङ) | जो सब जानता हो | सहपाठी | सर्वज्ञ | अभिनेता |

(2) नीचे दिए गए चित्र को देखकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(PICTURE BASED)**






(क) जिसके छह कोण हो उसे क्या कहते हैं?

(ख) जहाँ पुस्तकें रखी जाती है?

(3) **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (CASE BASED)**

राघव के दादा जी गाँव में रहते हैं। वे भगवान में बहुत विश्वास रखते हैं और रोज़ सुबह पूजा-पाठ करते हैं। वे हमेशा सत्य बोलने वाले व्यक्ति हैं, इसलिए पूरा गाँव उनका सम्मान करता है। राघव के पिता शहर में रहते हैं। वे एक प्रयोगशाला में वैज्ञानिक अनुसंधान (खोज) करने वाले हैं। राघव इस वर्ष गर्मियों की छुट्टियों में अपने माता-पिता के साथ दादा जी के पास गाँव गया। वहाँ राघव ने एक ऐसी इमारत देखी जो इतिहास से संबंध रखती थी। राघव को पुरानी चीज़ें देखना बहुत पसंद है। राघव की एक छोटी बहन भी है, जो बहुत बोलती है। गाँव के लोग बहुत दयालु हैं, वे दूसरों पर उपकार करने वाले हैं। राघव को अपना गाँव बहुत अच्छा लगा।

(क) गद्यांश में राघव के दादा जी के लिए कहा गया है कि वे 'भगवान में बहुत विश्वास रखते हैं'। इसके लिए एक शब्द क्या होगा?

(ख) 'राघव की एक छोटी बहन भी है, जो बहुत **बोलती है**।' जो बहुत बोलता हो उसके लिए एक शब्द लिखिए -

DPS GANDHINAGAR

(ग) गद्यांश में गाँव के लोगों को 'दूसरों पर उपकार करने वाला' कहा गया है। यदि कोई व्यक्ति किसी के द्वारा किए गए उपकार या भलाई को **मानता** है, तो उसे क्या कहेंगे? और यदि वह किए गए उपकार को **नहीं मानता**, तो उसके लिए क्या शब्द इस्तेमाल होगा?

## अनेकार्थक शब्द

(1) निम्नलिखित अनेकार्थक शब्दों के दोनों अर्थ लिखिए:-

(क) पट - ____________________, ________________

(ख) ताल - ____________________, ________________

(ग) कुल - ____________________, ________________

(घ) पात्र - ____________________, ________________

(ङ) स्वर - ____________________, ________________

(च) वर- ____________________, ________________

(छ) पूर्व - ____________________, ________________

(2) हिंदी भाषा में कुल 11 स्वर होते हैं| प्रस्तुत वाक्य में यहाँ 'स्वर' का अर्थ क्या होगा?

(i) माला (ii) जोड़ (iii) वर्ण (iv) इनमें से कोई नहीं

(3) इस जल को उस बड़े से पात्र में भर दो| प्रस्तुत वाक्य में 'पात्र' का अर्थ क्या होगा?

(i) वरदान (ii) नाटक का पात्र (iii) पत्ता (iv) बरतन

(4) दिए गए चित्रों को देखकर उसके लिए अनेकार्थक शब्द लिखिए- **(PICTURE BASED)**

(क)



_______________



(ख)  ____________ 

(ग) **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (CASE BASED)**

एक बार राजा के दरबार में एक विद्वान आया। उसने राजा को एक बहुमूल्य **हार** भेंट किया और कहा, "राजन! इस प्रतियोगिता में जो मुझे पराजित कर देगा, मैं अपनी **हार** स्वीकार कर लूँगा।" राजा ने अपने सबसे बुद्धिमान मंत्री को बुलाया। मंत्री ने शास्त्रार्थ में विद्वान को हरा दिया। राजा बेहद खुश हुए और उन्होंने मंत्री को इनाम में **सोना** देने का फैसला किया। उस समय रात बहुत हो चुकी थी, इसलिए राजा ने मंत्री से कहा, "अब आप अपने कक्ष में जाकर **सोना** (शयन) कर सकते हैं, बाकी चर्चा कल होगी।"

(क) गद्यांश में 'हार' शब्द के दो अलग-अलग अर्थ क्या हैं?

(ख) "राजा ने मंत्री को इनाम में 'सोना' देने का फैसला किया।" यहाँ 'सोना' का क्या अर्थ है?

मुहावरे

(1) निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

(क) हवा से बातें करना

(ख) ईद का चाँद होना

(ग) घोड़े बेचकर सोना

(घ) बाएँ हाथ का खेल

(ड) धुन का पक्का होना

(2) मुहावरों के सही अर्थ को चुनिए-

(क) लोहे के चने चबाना

DPS GANDHINAGAR

(i) राहत मिलना (ii) भाग जाना (iii) बहुत गुस्सा होना (iv) कठिन काम करना

(ख) जान में जान आना

(i) धोखा देना (ii) अपनी प्रशंसा करना (iii) राहत मिलना (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) हवा के घोड़े पर सवार होना

(i) बहुत जल्दी में होना (ii) बहुत प्यारा होना (iii) जीत जाना (iv) काम में मदद करना

(3) चित्र देखकर मुहावरा लिखिए - **(PICTURE BASED)**

(क) 

(ख) 

(4) **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (CASE BASED)**

रमन पढ़ाई-लिखाई में बहुत होशियार है, वह अपनी कक्षा में आँखों का तारा है। वार्षिक परीक्षा के दिन जैसे-जैसे पास आ रहे थे, रमन ने दिन-रात एक कर दिया। उसके दोस्त विनीत ने उसे डराने की कोशिश की कि इस बार पेपर बहुत कठिन आएगा, लेकिन रमन तो अपनी धुन का पक्का था, विनीत की बातों से उसके कान पर जूं तक न रेंगी। जब परीक्षा का परिणाम आया, तो रमन ने पूरे स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। यह देखकर उसके माता-पिता का सीना गर्व से फूल गया।

DPS SANJHINAGAR

(क) रमन तो अपनी धुन का पक्का था।' धुन का पक्का ' मुहावरे का अर्थ लिखिए|

(ख) गद्यांश में एक मुहावरा आया है- **"दिन-रात एक करना"**। इस मुहावरे का अर्थ लिखिए|

DPS GANDHINAGAR

# <u>Periodic Test-2 Revision</u>

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **4×1=4**

उठो धरा के अमर सपूतों,
पुनः नया निर्माण करो|
जन-जन के जीवन में फिर से
नई स्फूर्ति ,नव प्राण भरो|
नया प्रात: है,नई बात है,
नई किरण है ,ज्योति नई|
नई उमंगे, नई तरंगें ,
नई आस है,साँस नई|

(क) किसे नया निर्माण के लिए कहा गया है ?

(i) आम लोगों को (iii) धरा के अमर सपूतों को

(ii) आसमान के सपूतों को (iv) इनमें से किसी को भी नहीं

(ख) जन-जन के जीवन में फिर से क्या भरने के लिए कहा गया है?

(i) नई स्फूर्ति (iii) नया निर्माण

(ii) नव प्राण (iv) नई स्फूर्ति और नया प्राण

(ग) प्रात: कैसा है ?

(i) आलस से भरा (iii) बिमारियों वाला

(ii) नया (iv) अँधेरे वाला

(घ) पुराना शब्द का विलोम क्या होगा?

(i) प्राचीन (ii) नई (iii) नवीन नया

**प्रश्न 2** **उचित शब्द से वाक्य पूरे करो -** **3×1=3**

(क) ____________________ चिह्नों के प्रयोग से संज्ञा और सर्वनाम का रूप बदल जाता है|

(ख) कर्ता कारक का____________ चिह्न है |

DPS GANDHINAGAR

(ग) ‘पेड़ से पत्ता गिरा |’ प्रस्तुत वाक्य में ‘से’ किसका चिह्न है?

**प्रश्न 3** **सही या गलत लिखिए -** **3×1=3**

(क) विशेषण के आठ प्रकार होते हैं|

(ख) इन्द्रधनुष में सात रंग होते हैं| इस वाक्य में सात शब्द निश्चित संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण है|

(ग) मुझे थोड़ी चाय देना| यह वाक्य निश्चित परिमाणवाचक का उदाहरण है|

**प्रश्न 4** **उचित विकल्प का चयन कीजिए -** **2×1=2**

(क) प्लूटो के आसमान के कितने चाँद चक्कर लगाते हैं?

(i) दो (ii) तीन (iii) चार (iv) पाँच

(ख) लड़कियों के मन के भाव कैसे हैं?

(i) कोमल (ii) कटु (iii) कठोर (iv) पुराने

**प्रश्न 5** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **2×2=4**

(क) पाठ से सूर्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए|

(ख) लडकियाँ किन-किन क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है?

**प्रश्न 6** **कक्षा में अपनी बैठक व्यवस्था बदलने की प्रार्थना करते हुए कक्षा अध्यापिका को पत्र लिखिए|** **4×1=4**

DPS GANDHINAGAR

# ANNUAL EXAM MOCK PAPER

**खण्ड (क)**

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **7×1=7**

"पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मार्गदर्शक होती हैं। वे ज्ञान का भंडार हैं और हमें नई-नई बातें सिखाती हैं। एक अच्छी पुस्तक पढ़ने से हमें न केवल आनंद मिलता है, बल्कि हमारे विचारों में भी सुधार आता है। महान व्यक्तियों की जीवनियाँ हमें जीवन में संघर्ष करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। पुराने समय में जब इंटरनेट और टेलीविज़न नहीं थे, तब लोग अपना खाली समय पुस्तकें पढ़कर ही बिताते थे। आज भी, चाहे कितना भी तकनीकी विकास हो जाए, पुस्तकों का स्थान कोई नहीं ले सकता। हमें बचपन से ही अच्छी पुस्तकें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। पुस्तकालय (Library) एक ऐसी जगह है जहाँ हम अपनी पसंद की अनेक पुस्तकें एक साथ पा सकते हैं।"

(क) हमारा सबसे अच्छा मार्गदर्शक कौन है**?**

(i) पुस्तकें　　(iii) टेलीविज़न

(ii) इंटरनेट　　(iv) मोबाइल

(ख) महान व्यक्तियों की जीवनियाँ हमें क्या प्रेरणा देती हैं**?**

(i) आनंद मिलना　　(**iii**) जीवन में संघर्ष करने

(**ii**) जीवन में आगे बढ़ने　　(**iv**) जीवन में संघर्ष करने और आगे बदने की प्रेरणा

(ग) पुराने समय में क्या-क्या नहीं था? सही विकल्प का चयन कीजिए|

(i) घर　　(iii) इंटरनेट और टेलीविजन

(ii) बैल गाड़ी　　(iv) पहिया

(घ) हमें बचपन से कैसी आदत डालनी चाहिए?

(i) सोने की　　(iii) रोने की

(ii) अच्छी पुस्तक पढ़ने की　　(iv) लड़ने की

DPS GANDHI

(ड.) जहाँ पढ़ने के लिए पुस्तकें रखी जाती है,उस जगह को क्या कहते हैं?

(i) न्यायालय (iii) आलय

(ii) पुस्तकालय (iv) देवालय

(च) गद्यांश में से पुस्तकें और व्यक्तियों के लिए एक-एक विशेषण लिखिए|

(छ) 'अज्ञान' का विलोम शब्द गद्यांश में से चुनकर लिखो-

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 5×1=5**

गांधी, तिलक, सुभाष, जवाहर का प्यारा यह देश है।
जियो और जीने दो का सबको देता संदेश है।।
प्रहरी बनकर खड़ा हिमालय जिसके उत्तर द्वार पर।
हिंद महासागर दक्षिण में इसके लिए विशेष है।।

लगी गूँजने दसों दिशाएँ वीरों के यशगान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।।

(क) भारत देश क्या संदेश देता है?

(i) लड़ने का (ii) जियो और जीनो दो

(iii) नफ़रत करने का (iv) हिंसा करने का

(ख) भारत के उत्तर में प्रहरी बन कर कौन खड़ा है?

(i) अरावली (ii) सतपुड़ा

(iii) हिमालय (iv) कंचनजुंगा

(ग) पद्यांश में कितनी दिशाओं की बात कही गई है?

(i) सात (ii) आठ

(iii) नौ (iv) दस

(घ) भारत के दक्षिण में कौन-सा महासागर है?

DPS GANDHINAGAR

(i) प्रशांत (ii) अशांत (iii) हिन्द (iv) अटलांटिक

(ङ) पद्यांश में से कोई भी दो व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण लिखिए|

**खण्ड (ख)**

**प्रश्न-3 वाक्यों में आए रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखिए - 3×1=3**

(क) पतंग उड़ रही है|

(ख) वैभव शतरंज खेल रहा है|

(ग) मयंक तबला बजा रहा है|

**प्रश्न-4 दिए गए वाक्यों के काल लिखिए- 3×1=3**

(क) अभी फरवरी का महिना चल रहा है|

(ख) मैंने जंगली हाथी देखा था|

(ग) शादी में तुम क्या पहनने वाली हो?

**प्रश्न-5 वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए - 3×1=3**

(क) जहाँ केवल रेत ही रेत हो

(ख) दूसरे देश को माल भेजना

(ग) जो साथ पढता हो

**प्रश्न-6 नीचे दिए गए अनेकार्थक शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए| 3×1=3**

(क) पट

(ख) पूर्व

(ग) सोना

**प्रश्न-7 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ समझते हुए वाक्य रचना कीजिए| 3×1=3**

(क) लाल -पीला होना

(ख) तारे तोड़ लाना

DPS GANDHINAGAR

(ग) बाएँ हाथ का खेल होना

**खण्ड (ग)**

**प्रश्न-8 सही विकल्प का चयन कीजिए :- 3×1=3**

(क) अंत में राजा ने बगीचे में जाकर जंगल के देवदार जैसा दूसरा पेड़ कितने दिनों में ढूँढकर लाने का आदेश दिया?

(i) सात (ii) आठ (iii) नौ (iv) दस

(ख) राजा कैसा था?

(i) मेहनती (ii) हठी (iii) हिंसक (iv) पालतू

(ग) "मैंने अपना विचार बदल लिया है|" यह वाक्य राजा ने किससे कहा ?

(i) महामंत्री से (ii) बेटे से (iii) सैनकों से (iv) महामंत्री और अपने बेटे से

**प्रश्न-9 पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 3×1=3**

जीवन में आने-जाने का
इस दुनिया के बन जाने का,
इसमें लिक्खा सभी हिसाब -
धरती कितनी बड़ी किताब|
खोल - खोल का बाँचा इसको,
देखा-परखा, जाँचा इसको,
निकला है अनमोल खज़ाना ,
मानव का इतिहास पुराना |

(क) धरती को किसके जैसे बताया गया है?

(i) मानव (ii) किताब (iii) हिसाब (iv) पुराना

(ख) धरती के अंदर से क्या निकला है?

(i) खज़ाना (ii) जाँचा (iii) हिसाब (iv) जाँचा

(ग) मानव का इतिहास कैसा है?



DPS GANDHINAGAR

**प्रश्न-10** **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **5×1=5**

पुरोचन इसकी कल्पना भी न कर सका| इस तरह एक वर्ष बीत गया| एक दिन माँ कुंती ने कई ब्राहमणों को भोजन कराया और दान दिया| उसी दिन भीलनी अपने पाँच बेटों के साथ वहाँ आई और खूब खा-पीकर उस भवन में ही सो गई| उसी बीच भवन में आग लग गई और माँ कुंती और पांडव सुरंग से बाहर निकल गए| भीलनी और उसके पाँच बेटे जल गए|

(क) माता कुंती ने किसे भोजन कराया था?

(ख) भीलनी के कितने बेटे थे?

(ग) भीलनी ने क्या किया?

(घ) कुंती और पांडव सुरंग से क्यों निकल गए?

(ङ) भवन की आग में कुंती और पांडव क्यों नहीं जले ?

**प्रश्न-11** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **2×2=4**

(क) धरती से मनुष्य को क्या-क्या मिला है?

(ख) राजा का मन कैसे बदला?

**खण्ड (घ)**

**प्रश्न-12** निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :- **3×1=3**

(क) करुण (ख) अनमोल (ग) तराई

**प्रश्न-13** **कक्षा की खिड़की का काँच टूट जाने पर क्षमा माँगते हुए मुख्य अध्यापकजी को पत्र लिखिए-** **5×1=5**

**अथवा (OR)**

DPS GANDHINAGAR

दिए गए चित्र का वर्णन 50-55 शब्दों में कीजिए-




DPS GANDHINAGAR